Seventeenth Loksabha

an>

Title : Speaker appealed to the Members to maintain decorum and dignity of the House

*m01 **माननीय अध्यक्ष** : आज सदन का पहला दिन है। मैं सभी माननीय सदस्यों से यह आग्रह करना चाहता हूं, निवेदन करना चाहता हूं कि सदन चले, मर्यादा से चले। हम इनकी अच्छी परम्पराओं का पालन करें। मैं सभी माननीय सदस्यों को पर्याप्त समय, पर्याप्त अवसर देता हूं। आपने वर्षों से जो इसकी परम्पराएँ, मर्यादा बनाई हैं, उनका पालन करें। सदन चलना चाहिए। सदन में सबको बोलने का अवसर मिलता है। मैं यह नहीं सोचता कि कभी किसी ने यह शिकायत की हो कि उन्हें बोलने का अवसर नहीं मिलता। लेकिन, उस परम्परा को कायम रखिए।

मैं अमर सिंह जी से आग्रह करता हूं कि जब कोई मेम्बर बोल रहा हो, तब बीच में मार्शल को मत बुलाइए, क्योंकि बोलने वाले मेम्बर के बीच में कोई नहीं जाना चाहिए। सदन में यह अच्छी परम्परा बनाई गई है। इन सब परम्पराओं का हम लोग पालन करें।

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो उस लोकतंत्र की इतनी मर्यादा रहे, मेरा सब से ऐसा व्यक्तिगत आग्रह है।